# पाठ- 4 अब बतलाओ

## पाठ विश्लेषण, शब्दार्थ




CLASS: IV
SESSION NO : 13
SUBJECT : (HINDI)
CHAPTER NUMBER: 4
TOPIC: अब बतलाओ
SUB TOPIC: पाठ विश्लेषण, शब्दार्थ

CHANGING YOUR TOMORROW


Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

## शिक्षण उद्देश्य

इस पाठ के माध्यम से विद्यार्थियों ने अनुशासन में रहना और भय को दूर करना के बारे में ज्ञान प्राप्त करेंगे

## पाठ 4 अब बतलाओ

### चिंतन-मनन

पशुओं में अनुशासन का कोई महत्व नहीं है, इसलिए ही उनका जीवन आतंकित व असुरक्षित रहता है।

ODM PUBLIC SCHOOL

कोने में बिल्ली जो देखी
भागा चूहा आँख बंदकर ।
पीछे-पीछे बिल्ली दौड़ी
तेज़ चाल से उछल-उछलकर ।।

चूहे को कुछ पता नहीं था
गहरा कुआँ पड़ा सामने।
आँख बंद होने के कारण
पानी में गिर लगा काँपने ।

ODM PUBLIC SCHOOL



बिल्ली रानी लगी सोचने
अब मैं कैसे भूख मिटाऊँ।
कौन यत्न कर मैं चूहे को
पानी से बाहर ले आऊँ ।

चुपके चुपके गई, कहीं से
रस्सी एक ढूँढ़कर लाई ।
फिर उसने वह जल्दी-जल्दी।
कुएँ के अंदर लटकाई ।।



ODM PUBLIC SCHOOL



चूहे ने वह रस्सी पकड़ी
और साथ ही ऊपर ताका।
उसी समय बिल्ली रानी ने
कुएँ में नीचे था झाँका ।।

मेरे साथी अब बतलाओ
चूहा क्या ऊपर आएगा?
या रस्सी को छोड़ कुएँ के
पानी में ही मर जाएगा?



ODM PUBLIC SCHOOL

## शब्दार्थ

**अनुशासन** - किसी नियम के अधीन रहना या नियमों के शासन में रहना

**असुरक्षित** - जिसकी कोई सुरक्षा न हो

**आतंकित** - भयभीत

**ताका** – **देखा**

**यत्न** - **कोशिश**

# गृहकार्य

शब्दार्थ को अपने कॉपी में अभ्यास करें

## शिक्षण प्रतिफल

बच्चे “पाठ विषय वस्तु और शब्दार्थों -  के बारे में जानकारी प्राप्त किए

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP